DR. SHAMBHU KUMAR RAM
Deptt. of History
B.A. Part —— I
Paper —— II, (Hons)
Shambhu.bhibu@gmail.com
8294391491

छोटा पिट की जीवनी —— II

फॉक्स और लार्डनार्थ के संयुक्त मंत्रिमंडल के समय उसने फॉक्स के इंडिया बिल का उसने डटकर विरोध किया था। इस तरह उसने राजा के हृदय को जीत लिया। वह राजा का सबसे प्रिय तथा विश्वासपात्र बन गया था। राजा उसकी इच्छा के विरुद्ध कोई भी कार्य नहीं करता था।

प्रधानमंत्री के पद पर:—

राजा उसे प्रधानमंत्री बनाना चाहता था। केवल समय की इंतजार था। शीघ्र ही मंत्रीमंडल भंग हो गया। राजा ने मौका पाकर राजा ने उसे मंत्रिमंडल निर्माण के लिए निमंत्रित किया। इस तरह उसे 24 साल की उम्र में वह इंगलैंड का प्रधानमंत्री बन गया और 17 वर्षों तक शासन सत्ता को संभालता रहा और जनता की सेवा करता रहा।

लेकिन 1801 ई० में कैथोलिक प्रश्न को लेकर राजा को उससे मनमुटाव हो गया। फलतः उसे पद से हटा देना पड़ा। परन्तु जब 1804 ई० में इंगलैंड पर नेपोलियन बोनापार्ट का हमला होने की संभावना हुई तो उसे पुनः प्रधानमंत्री बना दिया गया। वह शासन करता रहा और 46 वर्ष की उम्र 1806 में उसकी मृत्यु हो गयी।